PLI योजना

प्रलिम्सि के लयि:

नीतआियोग, PLI योजना

मेन्स के लयि:

PLI योजना और इसका महत्त्व, PLI योजना के मुद्दे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में नीतआियोग ने उत्पादन-लकि्ड प्रोत्साहन (PLI) योजनाओं के तहत वत्तिीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली कंपनयिों द्वारा मूल्यवर्द्धन को ट्रैक करने के उद्देश्य से मानकों के एक सेट को वकिसति करने पर काम शुरू कयिा गया है।

- सचविों के अधकिार प्राप्त समूह को जून 2020 में स्थापति कयिा गया था, जसिे PLI योजनाओं में बाधाओं की पहचान करने, राज्यों और कंपनयिों के बीच तेज़ी से अनुमोदन के लयि समन्वय करने, PLI योजनाओं में त्वरति नविेश का मूल्यांकन तथा परयिोजनाओं के समग्र बदलाव को सुनश्चिति करने का काम सौंपा गया था।
- समूह की अध्यक्षता कैबनिेट सचवि द्वारा की जाती है और नीतआियोग के मुख्य कार्यकारी अधकिारी, उद्योग एवं आंतरकि व्यापार वभिाग के सचवि तथा संबंधति मंत्रालय के सचवि इसके सदस्य के रूप में शामलि हैं।

क्या है योजना?

- सभी क्षेत्रों में PLI योजनाओं में प्रगतकिी नगिरानी के लयि एक केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने का प्रयास करते हुए नीतआियोग ने एक बाह्य एजेंसी-राज्य के स्वामतिव वाली IFCI लमिटिेड या सडिबी के साथ डेटाबेस तैयार करने की योजना बनाई है।
  - यह डेटाबेस मूल्यवर्द्धन, की गई प्रतबिद्धताओं के वरिुद्ध वास्तवकि नरि्यात और रोज़गार सृजन को कवर करेगा।
- राज्य स्तर पर बाधाओं को दूर करने के लयि एक डैशबोर्ड भी बनाया जाएगा।

PLI योजना के सामने क्या चुनौतयिाँ हैं?

- **मानकों का कोई सामान्य सेट नहीं:**
  - PLI योजना के तहत प्रोत्साहन प्राप्त करने या ऐसी संभावना वाली कंपनयिों द्वारा मूल्यवर्द्धन को समझने के लयि कोई सामान्य मानदंड नहीं थे।
  - वर्तमान में वभिन्नि मंत्रालय अपनी संबंधति PLI योजनाओं के मूल्यवर्द्धन की नगिरानी करते हैं और दो अलग-अलग योजनाओं की तुलना करने का कोई स्थापति तरीका नहीं है।
  - इसके अलावा वभिन्नि वतिरण योग्य जैसे कि नौकरयिों की संख्या ने नरि्यात में वृद्धऔिर गुणवत्ता में सुधार कयिा है तथा इन सभी को मापने के लयि **कोई केंद्रीकृत डेटाबेस उपलब्ध** नहीं है।
- **कंपनयिों के लयि प्रोत्साहन लक्ष्य में भी वृद्धि:**
  - अपने क्षेत्र में कार्य कर रही **कंपनयिों के साथ बातचीत करने वाले वभिागों और मंत्रालयों को भी कुछ वशिष्टि मुद्दों का सामना** करना पड़ता है।
    - उदाहरण- कई बार कंपनयिों के लयि प्रोत्साहन हेतु अर्हता प्राप्त करने का लक्ष्य बहुत अधकि होता है।
- **एक या दो आपूर्तशिृंखलाओं पर नरि्भर घरेलू कंपनयिाँ:**
  - पछिले वत्ति वर्ष तक केवल 3-4 कंपनयिाँ ही स्वीकृत चौदह कंपनयिों से पीएलआई योजना के लयि अर्हता प्राप्त करने हेतु**संवर्द्धति बकि्री लक्ष्य (Incremental Sales** Targets) हासलि करने में कामयाब रही थीं।
  - वैश्वकि कंपनयिों के वपिरीत **अधकिांश घरेलू कंपनयिाँ एक या दो आपूर्तशिृंखलाओं पर नरि्भर** थीं, जो कि गंभीर रूप से बाधति हो गई हैं और बनिा कसिी गलती ये कंपनयिाँ प्रोत्साहन हेतु योग्य नहीं होंगी।

'उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन' योजना (PLI Scheme):

- **परिचय:**
  - उच्च आयात प्रतिस्थापन और रोज़गार सृजन के साथ घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिये **PLI योजना** की कल्पना की गई थी।
  - सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों हेतु PLI योजनाओं के तहत 1.97 लाख करोड़ रुपए अलग रखे तथा**वित्त वर्ष 2022-23** के बजट में **सौर पीवी मॉड्यूल** के लिये PLI हेतु 19,500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त आवंटन किया गया है।
  - मार्च 2020 में शुरू की गई इस योजना ने शुरू में तीन उद्योगों को लक्षित किया था:
    - **मोबाइल और संबद्ध घटक निर्माण**
    - **विद्युत घटक निर्माण**
    - **चिकित्सा उपकरण**
- **योजना के तहत प्रोत्साहन:**
  - संवर्द्धित बिक्री के आधार पर गणना की गई प्रोत्साहन राशि, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी उत्पादों के लिये**कम-से-कम 1% से लेकर महत्त्वपूर्ण प्रारंभिक दवाओं के संबंध में 20% तक** है।
  - उन्नत रसायन सेल बैटरी, कपड़ा उत्पाद और ड्रोन उद्योग जैसे कुछ क्षेत्रों में प्रोत्साहन की गणना पाँच वर्षों की अवधि में की गई बिक्री, प्रदर्शन एवं स्थानीय मूल्यवर्द्धन के आधार पर की जाएगी।
- **वे क्षेत्र जिनके लिये PLI योजना की घोषणा की गई है:**
  - अब तक सरकार ने **ऑटोमोबाइल एवं ऑटो घटकों**, **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी हार्डवेयर**, **दूरसंचार**, **फार्मास्यूटिकल्स**, **सौर मॉड्यूल** , **धातु एवं खनन**, **कपड़ा एवं परिधान**, **ड्रोन व उन्नत रसायन सेल बैटरी** सहित 14 क्षेत्रों के लिये PLI योजनाओं की घोषणा की है।
- **उद्देश्य:**
  - सरकार ने चीन एवं अन्य देशों पर भारत की निर्भरता को कम करने के लिये इस योजना की शुरुआत की है।
  - यह श्रम प्रधान क्षेत्रों का समर्थन करती है और भारत में रोज़गार अनुपात को बढ़ाने का लक्ष्य रखती है।
  - यह योजना आयात बिलों को कम करने एवं घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये भी काम करती है।
    - PLI योजना विदेशी कंपनियों को भारत में अपनी इकाइयाँ स्थापित करने के लिये आमंत्रित करती है और घरेलू उद्यमों को अपनी उत्पादन इकाइयों का विस्तार करने हेतु प्रोत्साहित करती है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pli-schemes